# भारत को जानो प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई

**जालोर**, (कासं)। भारत विकास परिषद् जालोर की ओर से भारत को जानो प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में प्रश्न मंच (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को शहर के एक निजी संस्थान परिसर में किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि राजकीय चिकित्सालय के मातृ एवं शिशु कल्याण स्वास्थ्य केन्द्र ,जालोर के वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रकाश विश्नोई थे । जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद् के प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेन्द्र सूरी कुंदन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर के प्रोफेसर डॉ.पीपाराम व जालोर माली समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष तेजाराम सोलंकी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर वंदे मातरम् के गायन के साथ हुई। समारोह के प्रारंभ में शाखा सचिव संतोषकुमार दवे ने परिषद् व इस प्रतियोगिता का संक्षिप्त परिचय दिया। प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में बताया कि भारत को जानो प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल भारतीय ज्ञान से नई पीढी को अवगत कराना है, बल्कि प्रतिभाओं को तराश कर आगे लाना भी है। उन्होंने बताया की इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमारे विद्यालय के छात्र छात्राओं को उन्हें अपने राष्ट्र व उसकी गौरवशाली संस्कृति, इतिहास, धर्म तथा आधुनिक भारत की जानकारी प्राप्त करने की जिज्ञासा उत्पन्न करना है। जिससे वे अपने देश से प्यार व गर्व कर सके। उन्होंने प्रतियोगिता के प्रारूप व नियमों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में अतिथियों ने इस अवसर पर बताया कि परिषद् द्वारा इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन करना सराहनीय है एवं प्रतिस्पर्धा के इस दौर में विद्यार्थियों के लिये अपने केरियर निर्माण में इस प्रतियोगिता का महत्ती भूमिका है।



जालोर में भारत विकास परिषद् ने भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में 20 टीमें व वरिष्ठ वर्ग में 19 टीमें , कुल 39 टीमों के 78 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति,धर्म, इतिहास, कला , साहित्य, खेल, वेद पुराण राजनीति व संविधान तथा समसामयिक विषयों पर भारत देश से संबंधित बहुत ही रोचक किंतु ज्ञानवर्धक सवाल पूछे गये । प्रतियोगिता में कक्षा 6से 8 के कनिष्ठ वर्ग में आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय ,जालोर के छात्र माधव जोशी व श्रषभ व्यास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि गोल्डन फ्यूचर सेकेंडरी स्कूल, जालोर के छात्र सोनित व देवीसिंह ने द्वितीय स्थान हासिल किया। सेन्ट राजेश्वर कॉन्वेन्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल,जालोर टीम की छात्रा प्रतिज्ञा व देशना तीसरे स्थान पर रही। कक्षा 9 से 12 के वरिष्ठ वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय , सामतीपुरा के छात्र हितेशकुमार व प्रदीप सिंह प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर राजकीय उच्च माध्यमिक महात्मा गांधी स्कूल,जालोर के छात्र कुशल गौड़ व छात्रा गरिमा चौधरी की टीम रही। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका प्रताप चौक जालोर विद्यालय की छात्रा मंजू व कोमल सोनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता टीमों के प्रतिभागियों को राजकीय मातृ एवं शिशु कल्याण स्वास्थ्य केन्द्र, जालोर के अस्थि रोग विशषज्ञ डॉ.प्रकाश विश्नोई के सौजन्य से पारितोषिक व परिषद् की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन क्विज मास्ट प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी, सचिव संतोषकुमार दवे, दिनेश सोलंकी , मधु शेखावत व सीता सुंदेशा ने किया । कार्यक्रम में सवालों की रोचकता एवं उत्तर जानने की जिज्ञासा ने उपस्थित श्रोताओं को भी पूरे समय बांधे रखाइस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को परिषद् की ओर से अतिथियों के हाथों प्रमाण पत्र दिये गए।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही। कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग की दोनों टीमें आगामी 20 अक्टूबर को पिड़वाड़ा में आयोजित होने वाली प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस अवसर पर संगणक /अंक प्रदाता के रूप में वेलाराम चौधरी व शान्ति लाल सोनी तथा समय पालक के रूप में कमल किशोर भूतड़ा ने पूरे समय अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यालयों के टीम प्रभारी व अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। परिषद् के शाखाध्यक्ष राजेन्द्र भूतड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष शंकरलाल सोलंकी, दिनेश सोलंकी, रामावतार तापड़िया, दीपक मूंदड़ा, महेन्द्र आनंद वैष्णव , बालकृष्ण शर्मा, भूपेन्द्र सोनी, केशाराम चौधरी, भैंरूलाल, सुशीला तिवारी, पूजा शर्मा विद्यालयों के शिक्षक, अभिभावक, प्रबुद्धह नागरिक व विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जीत के लिए लगाया दमखम

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के पीएमश्री श्री बांगड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रही 68वीं राज्य स्तरीय 17 व 19 वर्षीय छात्र वर्ग बास्केटबॉल प्रतियोगिता मे सोमवार को विभिन्न रोमांचक मैच में खिलाड़ियों ने जीत के लिए दमखम लगाया।

प्रधानाचार्य एवं प्रतियोगिता संयोजक बसंत परिहार ने बताया कि राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए श्री बांगड उच्च माध्यमिक विधालय, डिस्ट्रिक्ट क्लब, रेन्बो पब्लिक उच्च माध्यमिक विधालय, एम.एस.कवाड उच्च माध्यमिक तथा इमानुअल मिशन उच्च माध्यमिक विधालय के खेल मैदान में दो सत्रों मे आयोजन हो रहा है। गणाराम सिरवी रतनलाल बारूपाल एवं कन्हैयालाल चौहान ने बताया कि 19 वर्ष में सत्र पर्यन्त राजसमंद ने सांचौर को 25 -7 ,सीकर ने अजमेर को 51-24, बारां ने ब्यावर को 24-12 ,सीकर ने सिरोही को 37-19 ,अजमेर ने बालोतरा को 26-12 ,राजसमंद ने कोटपुतली बहरोड को 15-04 ,जोधपुर शहर मे अनुपगढ को 52-20, सत्र पर्यन्त सीकर ने झालावाड को 44 -13, जोधपुर शहर ने बूंदी को 39-7 ,जयपुर शहर ने केकडी को 77-26, कोटा ने हनुमानगढ को 37-26 ,उदयपुर ने नीम का 12-47 , जोधपुर ने झालावाड को 58-10, से पराजित किया।

# मंत्री ओटाराम देवासी ने पहाड़पुरा में शोक जताया



जालोर के पास रानीवाड़ा क्षेत्र के पहाड़पुरा में चामुण्डा माता ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वरसिंह देवल की धर्मपत्नी के निधन पर उनके निवास पर पहुंचकर राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने श्रद्धांजलि दी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राज्य के ग्रामीण विकास, पंचायती राज, आपदा प्रबंधन सहायता एवं नगारिक सुरक्षा विभाग राज्य मंत्री ओटाराम देवासी सोमवार को अपने निजी कार्यक्रम के तहत सायंकाल जसवंतपुरा तहसील के पहाड़पुरा ग्राम पहुंचे।

उन्होंने चामुंडा माता ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वरसिंह देवल की धर्मपत्नी देश कंवर के निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए शोक संतप्त परिवारजनों को ढांढस बंधाया। इसके उपरांत वे पहाड़पुरा से सड़क मार्ग द्वारा सिरोही के लिए रवाना हुए। इस दौरान रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल, एसडीएम जसवंतपुरा रामलाल मीणा व जसवंतपुरा थानाधिकारी प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# सफाई अभियान चलाया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत मिशन के तहत झाड़ू लेकर शनिवार को बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा जैसलमेर के मुख्य प्रबन्धक दीपक टाक ने स्वच्छता की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए बैंक के सभी कर्मचारियों को जैसलमेर को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई।

बैंक ऑफ बड़ौदा जैसलमेर द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान में बैंक ऑफ बड़ौदा जोधपुर क्षेत्रिय कार्यालय के उप क्षेत्रिय प्रमुख संजय कुमार उपस्थित रहे। उप क्षेत्रिय प्रमुख संजय कुमार ने बैंक ऑफ बड़ौदा जैसलमेर द्वारा आयोजित स्वच्छ भारत अभियान में भाग लेते हुए देश को स्वच्छ रखने की अपील की।

बैंक द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान में बैंक ऑफ बड़ौदा की खुहड़ी. मोहनगढ़ तथा देवीकोट शाखा ने भी झाड़ू ले अपना योगदान दिया।

# आर्य वीर दल ने प्रमुख कार्यकर्ता चुने

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के पुरानी सब्जी मंडी स्थित आर्य वीर दल वीरम व्यायाम शाला में आर्य वीर दल राजस्थान की विशेष बैठक आहूत की गई। बैठक में दो वर्ष के लिए सभी पदों पर प्रमुख कार्यकर्ताओं का चयन कर निर्वाचित किया ।

जिसमें जालोर के विनोद आर्य को प्रांत अधिष्ठाता संचालक,दलपत सिंह आर्य को संरक्षक, शिवदत्त को महा सचिव व भारत कुमार मेघवाल को सदस्य नियुक्त किया। जबकि अध्यक्ष पद पर जोधपुर के भँवरलाल आर्य को निर्वाचित घोषित किया गया। राजस्थान आर्य वीर दल के बैठक आर्य प्रतिनिधि सभा के उपप्रधान नारायण सिंह आर्य के मुख्य आतिथ्य व अध्यक्ष चांदमल आर्य की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। बैठक में ईश्वर उपासना मंत्र के साथ प्रारंभ हुई । बैठक में संगठन से जुडे दिवंगत आत्माओं को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली दी। जालोर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने स्वागत भाषण दिया। अधिष्ठाता संचालक भंवरलाल आर्य ने विगत वर्षो का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा नवीन संविधान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। जिसके बाद उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने लंबे विचार विमर्श कर संविधान पारित किया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गईं। जालोर के संचालक प्रशांत सिंह ने सभी का आभार जताया। अंत में शांति पाठ के साथ बैठक स्थगित की गई। बैठक का संचालन दलपत सिंह आर्य व बालोतरा के राजेंद्र गहलोत ने किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष भंवरलाल आर्य व अधिष्ठाता संचालक विनोद आर्य ने महर्षि दयानंद के सपने साकार करने के लिए और अधिक उत्साह से जुटने का आव्हान किया। बैठक में प्रांत भर ले प्रतिनिधियो भाग लिया । प्रदेश कार्यकारिणी में निर्विरोध अध्यक्ष भंवरलाल आर्य, अधिष्ठाता संचालक विनोद आर्य, महा सचिव शिवदत्त आर्य, मुख्य संरक्षक नारायण सिंह आर्य को नियुक्त किया गया। वही संरक्षक चांदमल आर्य, भंवरलाल अटवाल, धनराज आर्य, अचलचंद गहलोत, दलपत सिंह आर्य, उपाध्यक्ष राजेंद्र गहलोत, हरदेव आर्य, हरि सिंह आर्य, गजेसिंह भाटी, दिलीप परिहार, उपसंचालक राजेंद्र सिंह, छवि आर्या, जितेंद्र गहलोत, जितेंद्र सिंह आर्य, संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह आर्य जोधपुर, कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह आर्य, प्रशिक्षक उम्मेद सिंह आर्य, दिलीप गहलोत व योगेंद्र आर्य, मीडिया प्रभारी विकास आर्य, न्याय समिति चेनाराम आर्य, कुंदन चौहान, रिटायर्ड चीफ इंजीनियर पृथ्वी सिंह भाटी, जतन सिंह भाटी, बाघाराम, वेद प्रचार समिति गुलाबचंद आर्य व ओमप्रकाश प्रजापत, कार्यकारिणी सदस्य भरत कुमार मेघवाल सहित 13 सदस्य तथा विशेष आमंत्रित कृष्ण कुमार तिवारी व प्रशांत सिंह गहलोत उपस्थित थे।

# सैनिटरी नैपकिन गबन मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। उड़ान योजना में गबन कर सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगाने के मामले में बासनी पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस नोएड़ा से संजय झा को गिरफ्तार कर जोधपुर लाई है। संजय झा नोएड़ा में ऑनलाइन बिजनेस का काम करता है। इसी ने प्रदेश में निशुल्क सप्लाई होने वाले सैनिटरी पैड को गिरोह के लोगों से सस्ते दामों में खरीदा था। पुलिस काफी समय से इसकी तलाश कर रही थी। इससे पहले इस मामले से जुड़े कई लोगों को बासनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

बासनी पुलिस के अनुसार नोएड़ा निवासी संदीप कुमार पुत्र मिहिरकांत झा को पुलिस गिरफ्तार कर थाने लाई है। आरोपी सरकारी निशुल्क पैड योजना के गबन मामले में आरोपी है जिसकी पुलिस लम्बे समय से तलाश कर रही थी। पुलिस ने बताया कि संजय ने प्रदेश में निशुल्क वितरित होने वाले सैनिटरी पैड को गिरोह के लोगों से सस्ते दामों में खरीदा था और उसका रेपर बदलकर महंगे दामों में बेच रहा था।

पुलिस अब उससे इस मामले की पूरी जानकारी जुटा रही है।

गत 21 मई की रात जीएसटी चोरी के संदेह में सीजीएसटी इंस्पेक्टर लीलाधर जाट व उनकी टीम जोधपुर के सांगरिया रोड पर नाकाबंदी कर ट्रक, टेलर और कंटेनर की जांच कर रही थी। इसी दौरान हरियाणा नंबर का एक कंटेनर आया। टीम को शक हुआ तो कंटेनर को खोला गया, जहां प्लास्टिक के कट्टों में सैनिटरी पैड भरे हुए थे। ड्राइवर से इसकी बिल्टी मांगी तो उसने पोकरण से नोएड़ा की बिल्टी दी। टीम ने कट्टों को खुलवाकर जांच की तो सैनिटरी पैड पर राजस्थान सरकार द्वारा निशुल्क वितरण का टैग लगा हुआ था। ड्राइवर से इन फ्री पैड की राजस्थान से नोएडा में सप्लाई का कारण पूछा तो वह जवाब नहीं दे पाया। जीएसटी की टीम ने कालाबाजारी के शक में बासनी पुलिस को सूचना दी।

बासनी पुलिस ने मामला दर्ज किया और खेतड़ी निवासी कंटेनर ड्राइवर कैलाश धानका को गिरफ्तार किया था। इस कंटेनर में उड़ान योजना के 1 लाख 85 हजार सैनेटरी पैड थे, जो नोएड़ा सप्लाई होने जा रहे थे।

## सिंधी हास्य नाटक डैली सोप का मंचन

**जोधपुर**, (कासं)। सिंधी कल्चरल सोसाइटी, जोधपुर द्वारा संस्कृति मंत्रालय,भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से रंगकर्मी हरिश देवनानी के मार्ग निर्देशन में आधुनिक सिंधी रंगमंच को मध्य नजर रखते हुए सिंधी हास्य नाटक डैली सोप का मंचन निरंजन असरानी के निर्देशन में जयनारायण व्यास स्मृति भवन टाउन हॉल जोधपुर में सफलतापूर्वक किया।

आधुनिक रंगमंच के तहत सिंधी भाषा में हास्य से सराबोर, इस नाटक को रियलिस्टिक सेट के साथ मंचित किया गया। सिंधी हास्य नाटक डेली सोप में दर्शाया गया कि हमारा दैनिक जीवन भी किताब का एक पन्ना है।

नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के संदेश देने का भी प्रयास किया गया है। इसके लिए एक पेड मां के नाम लगाया जाए साथ ही नाटक के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का भी संदेश दिया गया।

चुटीले संवादों एवं परिस्थिजनक व्यंग्य के माध्यम से जया आसरानी (रोशनी), नीरू आसरानी(पवन), लच्छू सचदेव(दौलत), प्रियंका आसवानी( प्रियंका), ने अपने संवादों एवं अदाकारी से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर ठहाके लगाने को मजबूर कर दिया।

इस मौके पर सिंधी समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई जिनमें कन्हैयालाल टेवानी,बलराम करमचंदानी, रमेश खटवानी, आशा उत्तमचंदानी, दीपा आसवानी, रीतिका मनवानी, मदन आईदासानी, गिरधारी पारदासानी, अशोक मूलचंदानी, सुनील मीरचंदानी, हरीश कारवानी, वासु खैराजानी, तीर्थ दोडवानी, लखमीचंद किशनानी, के डी इसरानी , दौलत राम करमचंदानी ,पूनम देवनानी, कन्हैयालाल सुखनानी, दीपक मोरदानी आदि मुख्य थे।

# सड़कों की मरम्मत, नालों की सफाई के निर्देश दिए



बाड़मेर में जिला कलैक्टर टीना टाबी ने सड़कों की मरम्मत, नालों की सफाई एवं पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**बाड़मेर**, (निसं)। जिला कलैक्टर बाड़मेर टीना डाबी ने सोमवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग,नगर परिषद एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बाड़मेर शहर में विभिन्न सड़क मार्गो का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलैक्टर ने सड़कों की मरम्मत, नालों की सफाई एवं पार्किंग व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर टीना डाबी ने सर्किट हाउस रोड, मल्लीनाथ सर्किल का जायजा लेने के साथ सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं नगर परिषद के अधिकारियों को प्राइवेट बस स्टेंड एवं मल्लीनाथ सर्किल की व्यवस्था सुधारने तथा नाले की सफाई करवाने के निर्देश दिए। इसी तरह जलदाय विभाग के अधिकारियों को पाइप लाइन लीकेज दुरस्त करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला कलैक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग का अवलोकन करते हुए हाइवे एवं सर्विस लेन का नियमित रूप से मैटनेंस करवाने के साथ नाले की नियमित रूप से सफाई करवाने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने बीएनसी चौराहे के पास ओवरब्रिज के साथ प्राइवेट बसों का ठहराव करवाने, सिणधरी चौराहे पर यातायात व्यवस्था सुधारने के संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

यूआईटी सचिव श्रवणसिंह राजावत, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता सूराराम चौधरी, जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता चन्द्रेश चौधरी,पुरखाराम वरन, पुलिस उप अधीक्षक मदनसिंह समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कनेक्शन काटने पहुंचे विद्युत कर्मी पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**बालोतरा**, (निसं)। शहर में बिजली बिल बकाया होने पर विद्युत कनेक्शन विच्छेद करने गए जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. के कर्मचारी पर जानलेवा हमला हुआ।

घटना 30 सितंबर 2024 की है, जब विद्युत निगम के तकनीशियन श्रवण कुमार मैन बाजार इलाके में कनेक्शन काटने के लिए गए थे। इसी दौरान आरोपी सदाम हुसैन पुत्र सरवर खान ने श्रवण कुमार पर लोहे के पाइप से हमला कर दिया, जिससे श्रवण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।

हमले में श्रवण के दाहिने हाथ पर गहरी चोट आई और उनकी हथेली में गहरा कट लग गया। इसके अलावा उनके पैर पर भी चोटें आई हैं। श्रवण कुमार ने हमले से बचने की कोशिश की, लेकिन वह बुरी तरह घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने आरोपी सदाम हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, जातिगत दुर्व्यवहार, और जानलेवा हमले की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। बालोतरा के जीनगर समाज ने इस घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। आक्रोशित जीनगर समाज बालोतरा ने जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा है।

इस दौरान जीनगर समाज विकास समिति अध्यक्ष सुरेश चितारा,सुखदेव सोनगरा, रामलाल गोयल, बाबूलाल चौहान, पृथ्वीराज गोयल, नरपत राठौर, मनोहर व्यास, पृथ्वीराज चौहान, पृथ्वीराज व्यास, आदि जीनगर समाज के सदस्य मौजूद रहे।

# कार्यों की समीक्षा की

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में आज सोमवार को जिला कलक्टर कार्यालय में गत सप्ताह के कार्य प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये।

कलैक्टर मंत्री ने मेडिकल में मौसमी बीमारियों , मानसून के बाद की स्थिति के बारे में बचे हुए आपदा राहत के प्रस्तावों के बारे में संबंधित विभागों सार्वजनिक निर्माण विभाग , पीएचईडी, पशुपालन विभाग को निर्देश दिये। जल संसाधन की नहरों के बारे में ,यूआईटी को फोंगिग के लिये ,आवश्यक नम्बरों की विवरणिका जारी करने के लिये व पानी ,सड़क , के बारे में निर्देश दिये। नगर निगम को साफ सफाई सीवरेज, सामाजिक न्याय अधिकारिता पेंशन, स्कालरशिप, माइनिंग को डीएमएफटी के यूसी, सीसी व वन विभाग को पौधारोपण के बारे में निर्देश दिये।

## तर्पण कार्य जारी

**पाली**, (नि.सं.)। बिहारी छठ घाट लाखोटिया सरोवर पर पितृ तर्पण समूह द्वारा निः शुल्क तर्पण दिनांक 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर सर्वपितृ अमावस्या तक प्रतिदिन हो रहा है। सेवादार हरीश पाण्डेय बताते है कि तर्पण दो पारी में होता है।

# जल जीवन मिशन की पाइप लाइनों की चोरी का खुलासा, पांच जने पकड़े

**पोकरण**, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी के निर्देशन में पुलिस थाना फलसुण्ड की ओर से त्वरित कार्यवाही कर जल जीवन मिशन योजना के पाईप चोरी की वारदात का खुलासा कर पांच मुल्जिमान को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार छैलसिंह पुत्र फतेहसिंह जाति राजपूत निवासी भुर्जगढ (परबतसर) ने पुलिस थाना फलसूण्ड पर रिपोर्ट पेश की कि कि मेरा काम जल जीवन मिशन (जेजेएम) का स्वामीजी की ढाणी पुलिस थाना फलसूण्ड में चल रहा है। कार्य के लिए एचडीपीई पाईपों की गाडी 23 जुलाई 2024 को डाली गई गाडी में एचडीपीई के 90 एमएम के 9 रोल 300 एमटीआर के व एक रोल 90 एमएम का 250 एमटीआर का व 110 एमएम के 2 रोल डाले गये थे। जिसमें से 19 से 23 सितम्बर 2024 के बीच में 90 एमएम के चार रोल कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गए हैं। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

पुलिस ने चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक, जैसलमेर सुधीर चौधरी के आदेशानुसार गोपालसिंह भाटी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण के निर्देषन में भवानीसिंह वृताधिकारी वृत पोकरण के सुपरविजन में ओमाराम उनि थानाधिकारी पुलिस थाना फलसुण्ड के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर टीम द्वारा सरगर्मी से तलाश कर तकनीकी साक्ष्यों का प्रयोग कर प्रकरण की वारदात का खुलासा कर मुल्जिमान कुर्बान खान, रामेश्वर उर्फ राजाराम, असकर खान, हासम खान व अकबर खान को दस्तयाब कर बाद पूछताछ के गिरफतार किया गया। मुल्जिमान के कब्जा से प्रकरण में चोरी किए गए पाईप रोल बरामद कर बाद अनुसंधान न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया। प्रकरण में विस्तृत अनुसंधान जारी है।

## अवैध गैस भरते एक गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं) । कुड़ी भगतासनी पुलिस ने अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करते एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास से दस गैस सिलेण्डर के साथ नोजल पाइप और इलेक्ट्रानिक कांटा बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ प्रकरण बनाया गया।

# स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

**बालोतरा**, (निसं)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव द्वारा जिले में स्वास्थ्य सेवाओ की धरातलीय स्थिति के आंकलन के उदेश्य से सोमवार को दूधवा, चान्देसरा, नौसर एवं गोल स्टेशन स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वांकाराम चौधरी साथ रहे।

चान्देसरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण दौरान स्वास्थ्य केन्द्र बंद पाया गया तथा कार्मिक अनुपस्थियत मिले। जिस पर जिला कलक्टर ने अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिये। वही गोल स्टेशन स्थित स्वास्थ्य केन्द्र पर अतिरिक्त कार्मिकों को नौसर स्पास्थ्य केन्द्र में लगाने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर के निरीक्षण के दौरान संविदा कार्मिकों को वेतन नही मिलने की शिकायत पर उन्होने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तुरंत प्रभाव से जिले के सभी संविदा कार्मिकों को वेतन जारी करने के निर्देश प्रदान किये।

निरीक्षण दौरान जिला कलक्टर श्री यादव ने सभी स्वास्थ्य केन्द्रो पर ओपीडी, आईपीडी के बारे में जानकारी लेते हुए उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया।

उन्होने दवा वितरण कक्ष की जांच करते हुए केंद्र में दवाईयों की उपलब्धता के बारे में जानकारी लेते स्टॉक को व्यवस्थित रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने चिकित्सक कक्ष, टीकाकरण कक्ष, स्टोर रुम सहित केंद्र के अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने बैड शीटों की नियमिति धुलाई व समय पर बदलने के निर्देश दिए।

# चार माह की उम्र में बाल विवाह, 20 साल बाद पारिवारिक कोर्ट ने निरस्त किया

**जोधपुर**, (कासं)। महज चार महीने की उम्र में बाल विवाह की बेड़ियों में जकड़ी अनिता को करीब 20 साल तक दंश झेलने के बाद आखिर सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी एवं पुनर्वास मनोवैज्ञानिक डॉ. कृति भारती के संबल से बाल विवाह से मुक्ति मिल गई।

जोधपुर के परिवारिक न्यायालय संख्या 2 के न्यायाधीश वरुण तलवार ने अनिता के बाल विवाह निरस्त का ऐतिहासिक फैसला सुनाया। सारथी ट्रस्ट की डॉ. कृति भारती के प्रयासों से संभवत: पहली बार बाल विवाह निरस्त के प्रकरण में पारिवारिक न्यायालय ने तथाकथित पति से बालिका वधु को वाद खर्च भी दिलवाने की अनूठी नजीर पेश कर फैसला सुनाया। डॉ. कृति भारती ने बाल विवाह निरस्त के मुहिम पर अग्रसर रहकर अब तक 52 मासूम जोड़ों का बाल विवाह निरस्त करवाए हैं।

ग्रामीण क्षेत्र के किसान परिवार की बेटी 21 वर्षीय अनिता का महज 4 महीने की उम्र में बाल विवाह हुआ था, जिसके बाद से लगातार बाल विवाह का दंश झेलती रही। लगातार ससुराल पक्ष उसका गौना करवा कर ससुराल भेजने का दबाव बनाए हुए था। वहीं कई तरह से प्रत्यक्ष और परोक्ष धमकियां मिल रही थी। इस बीच अनिता को वर्ल्ड टॉप टेन एक्टिविस्ट और बीबीसी 100 इंस्पिरेशनल वूमन सूची में शुमार जोधपुर के सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी एवं पुनर्वास मनोवैज्ञानिक डॉ. कृति भारती की बाल विवाह निरस्त की मुहिम के बारे में जानकारी मिली। अनिता ने डॉ. कृति से मुलाकात कर खुद की पीड़ा बयां की। जिसके बाद डॉ. कृति ने अनिता के बाल विवाह निरस्त का वाद जोधपुर के पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 में दायर किया।

डॉ. कृति भारती ने पारिवारिक न्यायालय में अनिता की ओर से पैरवी कर बाल विवाह और आयु संबंधी तथ्यों से अवगत करवाया। जिसके बाद पारिवारिक न्यायालय संख्या दो के न्यायाधीश वरुण तलवार ने अनिता के महज 4 महीने की उम्र में 20 साल पहले हुए बाल विवाह को निरस्त करने का ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इसके साथ ही सारथी ट्रस्ट की डॉ. कृति के प्रयासों पर बालिका वधु को न्यायालय ने तथाकथित पति से वाद खर्च दिलवाने का फैसला देकर नई नजीर पेश कर दी। न्यायाधीश तलवार ने बाल विवाह के खिलाफ समाज को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि बाल विवाह केवल कुरीति ही नहीं एक अपराध भी है। इससे बच्चों का भविष्य खराब हो जाता है। बालिका या बालक बाल विवाह को निरंतर नहीं रखना चाहते हैं तो उनको बाल विवाह निरस्त का अधिकार है। बाल विवाह की कुरीति को मिटाने के लिए समाज के स्तर पर महत्ती प्रयासों की जरूरत है।

देश का पहला बाल विवाह निरस्त करवाने के बाद लगातार मुहिम चलाकर डॉ. कृति भारती ने अब तक 52 जोड़ों के बाल विवाह निरस्त करवा रिकॉर्ड कायम कर रखा हैं। देश में 2100 से अधिक बाल विवाह रुकवाए हैं। चाइल्ड एंड वूमेन राइट एक्टिविस्ट और एडवोकेट डॉ. कृति का नाम 9 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रिकॉर्ड्स बुक्स में दर्ज हो चुका हैं। डॉ. कृति को जिनेवा से ग्लोबल यूथ ह्यूमन राइट्स अवार्ड सहित कई राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है। अनिता, बाल विवाह पीड़िता का कहना है कि कृति दीदी की मदद से मैं बाल विवाह की बंदिश से मुक्त हो गई हूं। अब मैं अपने पैरों पर खड़े होकर सपने पूरे करूंगी।

## सार-समाचार

### शिविर में 157 दिव्यांगों का पंजीयन

**पाली**, (नि.सं.)। दिव्यांगजन के कल्याण के लिए शिविर का आयोजन पंचायत समिति, पाली, में सोमवार को आयोजित हुआ। इस अवसर पर विकास अधिकारी भगवान सिंह ने बताया कि शिविर का आयोजन विशेष योग्यजन, के लाभार्थी शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में कुल रजिस्ट्रेशन 157 जिसमें अस्थि रोग 64, नेत्र के 23, नाक कान गला रोग 15, व मनोरोग के 55 व संयुक्त सहायता के आवेदन 13 प्राप्त हुये। इस अवसर पर प्रधान मोहनी देवी पटेल, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कानाराम पारंगी, माधोसिंह, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिलीप करमचंदानी , चिकित्सा विभाग के ऑर्थोपेडिक डॉक्टर ईश्वर पटेल, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ लोकेश कौशिक, डॉक्टर हर्षा , डॉ राम अवतार व उनकी टीम, सीएम एस ओ से सूचना सहायक ज्ञान चन्द्र विशेषज्ञ ने शिविर में आये हुए सभी विशेष योग्यजन की जांचकर पात्र दिव्यांगों को यूडिड कार्ड जारी करने की अनुशंषा की एवं आईटी टीम से नवीन प्रोठाामर ने ई- मित्र टीम के सहयोग से स्वावलंबन पोर्टल पर विशेष योग्यजनों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए। इसी प्रकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की टीम छात्रावास अधीक्षक संजय वैष्णव, कमलेश कुमार, मनोज चौधरी , कैलाश कुमार, अर्जुन सिंह कनिष्ट सहायक ने पात्र विशेष योग्यजन के लिए आवेदन करवाएं व शिविर में आये सभी विशेष योग्यजनों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व जानकारी प्रदान की गयी।

### भजन संध्या के पोस्टर का विमोचन

**जोधपुर**, (कासं) । जस्टिस फॉर माइनर एक्शन कमेटी की ओर से 1 अक्टूबर को शाम 7 बजे से 'एक शाम दुष्कर्म पीड़ित बच्चियों के नाम' भजन संध्या होगी। पाल बालाजी स्थित थोरियों की ढाणी के श्री ठाकुरजी मंदिर ठााउंड में यह भजन संध्या होगी। कार्यक्रम संबंधी पोस्टर का विमोचन आज किया गया। समिति के अध्यक्ष संपत पूनिया, संयोजक सुखराम भंवरिया, सचिव मदन सैन, कोषाध्यक्ष कैलाश पंचारिया व उपाध्यक्ष विजय सिंह परिहार संयुक्त रूप से बताया कि जोधपुर जैसे शांत शहर में नाबालिक बच्चियों से हो रहे रेप एवं गैंगरेप की घटनाओं को लेकर प्रत्येक शहरवासी चिंतित हैं। प्रशासन इन दुष्कर्मियों को सजा दिलाने का काम कर ही रहा है, वहीं इसके लिए जागरूक युवाओं और समाजसेवी लोगों को साथ लेकर जस्टिस फॉर माइनर एक्शन कमेटी संगठन का गठन किया गया है। इस भजन संध्या में डॉ. ओम मुंडेल, छोटूसिंह रावणा, तुलछाराम भनगावा, गजेंद्र अजमेरा, मोइनुद्दीन मनचला, गजेंद्र राव, अनिल देवड़ा, संजय पंचारिया सहित अनेक ख्यातनाम कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

### नगर निगम व पुलिस ने हटाए अतिक्रमण

**जोधपुर**, (कासं)। शहर की मुख्य सडक़ों पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नगर निगम ने पुलिस के सहयोग से सोमवार को एक बार फिर अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया। नगर निगम ने जालोरी गेट से पांचवी रोड तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। दीपावली पर्व नजदीक आने के साथ ही नगर निगम अब सक्रिय हो रहा है। नगर निगम ने सोमवार को यातायात पुलिस के साथ मिलकर जालोरी गेट से पांचवी रोड तक यातायात में बाधक बने सडक़ किनारे खड़े हाथ ठेला चालकों व दुकानों के आगे रखे सामानों को लेकर हटाने का अभियान चलाया। निगम अधिकारियों ने बताया कि मुख्य सडक़ों पर अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर निगम समय-समय पर अभियान चला रहा है। बार-बार नोटिस देने के बावजूद भी कई दुकानदार मुख्य सडक़ों पर सामान रख देते हैं जिससे यातायात बाधित होता है। इसको लेकर आज कार्रवाई की गई। इस दौरान सडक़ों पर सामान रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सामान जब्त किया। इसके साथ ही अवैध रुप से खड़े हाथ ठेले, बोर्ड, टेबल-कुर्सियां भी जब्त किए गए है। इस दौरान नगर निगम की अतिक्रमण टीम को हल्का विरोध भी झेलना पड़ा। टीम ने पुलिस के सहयोग से मुख्य सडक़ पर रखे व्यापारियों के सामान को जब्त किया और ठेलों को हटवाया।

### क्रिकेटर गुलाब सिंह को बधाई दी

**जैसलमेर**,(नि.सं.)। राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा राजस्थान अंडर 19 क्रिकेट टीम की घोषणा की गयी जिला क्रिकेट संघ जैसलमेर के सचिव विमल शर्मा ने बताया कि राजस्थान अंडर 19 टीम में जैसलमेर के गुलाब सिंह का चयन हुआ है शर्मा ने बताया की राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा राज्य स्तरीय अंडर 19 क्रिकेट कैंप का आयोजन आर.सी.ए. क्रिकेट अकेडमी जयपुर में किया गया था। जैसलमेर के लिए गुलाब सिंह को जिला स्तर पर चयन कर जयपुर भेजा था। जयपुर में आयोजित कैंप में गुलाब सिंह के बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर उन्होंने राजस्थान टीम में जगह बनाई। रामदेवरा निवासी गुलाब सिंह 4 वर्ष की उम्र से क्रिकेट खेल रहे है । जैसलमेर से क्रिकेट खिलाडी का राज्य स्तरीय टीम में चयन होने पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष विमलेश पुरोहित, कोषाध्यक्ष हरिवल्लभ बोहरा, उपाध्यक्ष नरेश भाटिया, कृष्ण गोपाल सोनी,अजय केवलिया, ललित शर्मा, भंवर सिंह, विक्रम चूरा, विजय वैष्णव, जहाँगीर मलिक, जालम खा, रमेश तंवर, राजेंद्र सैन, खूब चंद खत्री, विनर शर्मा, नरपत चौधरी, मदन सिंह,चन्दनदान, पुष्पेंद्र बोहरा के साथ,साथी खिलाडियों व सहयोगी कर्मचारियों ने मिठाईया खिला गुलाब सिंह का उत्साहवर्धन कर बधाई दी।

### रांकावत ब्राह्मण महासभा की बैठक 6 को

**पाली**,(नि.सं.)। अखिल भारतीय रांकावत ब्राह्मण महासभा, दिल्ली की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 6 अक्टूबर, रविवार को जोधपुर के रांकावत शिक्षण संस्थान एवं छात्रावास, 47 पार्श्वनाथ नगर, पाल बालाजी मन्दिर के पास, मेड़तिया गार्डन वाली गली, जोधपुर में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश कुमार वैष्णव करेंगे। अखिल भारतीय रांकावत ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री अजय वैष्णव टांक ने बताया कि इस बैठक में संरक्षक मण्डल, सलाहकार मण्डल, महासभा के पदाधिकारी और क्षेत्रीय संस्थाओं के अध्यक्षों को सादर आमंत्रित किया गया है। बैठक का मुख्य एजेंडा रांकावत शिक्षण संस्थान छात्रावास की कार्यकारिणी का पुनर्गठन, छात्रावास की स्थाई आय बढ़ाने के सुझाव, हरिद्वार भवन की व्यवस्थाओं की समीक्षा, डोली भूमि प्रकरण पर चर्चा और समाज में व्याप्त कुरीतियों पर विचार-विमर्श होगा। इसके अतिरिक्त,अध्यक्ष की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### केंद्रीय विद्यालय में कार्यशाला हुई

**जोधपुर**, (कासं) । पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2 वायुसेना जोधपुर में प्राचार्या गजेंद्र जोशी जी की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया। गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारत मे ं एनसीएफ 2023 (राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा) की शुरूआत हमारी शिक्षा प्रणाली को बदलने की दिशा में एक बडा कदम है। इस व्यापक ढांचे का उद्देश्य शिक्षा को पुन: परिभाषित करना, उसे अधिक समठा लचीला और विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुकूल बनाना है, ताकि वे 21वी ं सदी के कौशल के अनुरूप बन सकें। उन्होंने कहा कि एनसीएफ 2023 बुनियादी शिक्षा, अनुभवात्मक शिक्षा, आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता के महत्व पर जोर देता है। यह शिक्षा के प्रति अधिक लचीले और समावेशी दृष्टिकोण की भी मांग करता है, जो सभी शिक्षार्थियों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ व सदस्य उपस्थित थे। कार्यशाला के समापन पर सुमन सोरल द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### 292 वरिष्ठजन करेंगे नि:शुल्क यात्रा

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2024 के तहत जिले के तीर्थ यात्रियों के चयन के लिए जिला स्तर पर जिला कलक्टर प्रताप सिंह की अध्यक्षता में प्रबन्धन समिति द्वारा सोमवार को डीओआईटी वी.सी. कक्ष में लॉटरी निकाली गई। जिला कलक्टर ने ई-देवस्थान पोर्टल पर बटन दबा कर रेल एवं हवाई यात्रा से यात्रा करने वाले वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रियों की लॉटरी निकाली। लॉटरी के अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीता चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुन्नीराम बागड़िया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश शर्मा, सहायक निदेशक पर्यटक स्वागत केन्द्र कृष्ण कुमार, उप निदेशक डीओआईटी जयश्री, प्रबंधक देवस्थान विभाग डॉ. उमेशचन्द्र पुरोहित एवं समिति सदस्य उपस्थित थे। ऑनलाईन निकाली गई लॉटरी प्रक्रिया के तहत जिले में 350 वरिष्ठ नागरिकों का तीर्थ यात्रा योजना के तहत चयन किया गया। जिसमें रेल यात्रा के लिये 292 एवं हवाई यात्रा के लिये 58 यात्री चयनित हुए।

### दो पक्षों में मारपीट, क्रॉस केस दर्ज

**जोधपुर**, (कासं) । पावटा सी रोड सैकण्ड पोलो क्षेत्र में दो पक्ष के युवक आपस में विवाद के चलते उलझ गए। एक दूसरे पर डंडों एवं सरियों से हमला कर दिया। कुछ लोग चोटिल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्ष की तरफ से परस्पर केस दर्ज किए हैं। मामला शनिवार शाम का बताया गया है।

# लॉन टेनिस एकल छात्रा वर्ग में जोधपुर ग्रामीण तीसरे स्थान पर

**जालोर**, (कासं)। राज्य स्तरीय लॉन टेनिस छात्र-छात्रा 14 वर्ष प्रतियोगिता में टीम स्पर्धा के रोचक एवं संघर्षपूर्ण हार्ड लाइन मुकाबले में छात्रा वर्ग में जोधपुर ग्रामीण ने बांसवाड़ा को तथा छात्र वर्ग में बीकानेर ने जयपुर को हराकर तृतीय स्थान अर्जित किया।

आयोजन समिति के संयुक्त संचालक एवं भारत विद्या मंदिर के प्रधानाध्यापक राजकुमार माली ने बताया कि जालोर क्लब व पुलिस लाईन जालोर में आयोजित व्यक्तिगत एकल स्पर्धा छात्रा वर्ग के प्रथम राउण्ड के मुकाबलों में जोधपुर ग्रामीण की रिद्धि ने हनुमानगढ़ की अनन्या को, कोटा की मानवी राज को अनूपगढ़ की शालू को, अजमेर की कायरा ने श्री गंगानगर की अवनी को, चूरू की अनामिका ने बाड़मेर की विजयलक्ष्मी को, अजमेर की सानवी ने नागौर की लक्षिता को, जोधपुर ग्रामीण की अंजिका ने बांसवाड़ा की सम्बोधि को, जोधपुर की दर्शामिनी ने सांचौर की संतोष को, जयपुर शहर की आद्या ने सीकर की तून को, बांसवाड़ा की समृद्धि ने पाली की सानवी को, टोंक की अनुषा ने झुंझुनूं की यशकमल को हराया।

इसी प्रकार द्वितीय राउण्ड के मुकाबलों में अजमेर की भूवी को हनुमानगढ़ की अनन्या को, बीकानेर की स्निग्धा ने कोटा की मानवी राज को, अजमेर की कायरा ने ब्यावर ने अनवी को, जयपुर की अक्षिता ने चूरू की अनामिका को, अजमेर की उदविता ने अजमेर की सानवी को, जोधपुर ग्रामीण की अंजिका ने उदयपुर की तहरीम को, बांसवाड़ा की खुशवी ने जयपुर शहर की आद्या को तथा जोधपुर ग्रामीण की दिव्यांशी ने बांसवाड़ा की समृद्धि को हराकर अगले राउण्ड में प्रवेश किया।



जालोर में आयोजित राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता के रोचक मुकाबले हुए। फोटो-राष्ट्रदूत

वही पुलिस लाईन जालोर में आयोजित व्यक्तिगत एकल स्पर्धा छात्र वर्ग के प्रथम राउण्ड के मुकाबलों में जोधपुर के लक्ष्य जोशी ने सीकर के हर्षवर्धन, अनूपगढ़ के आदित्यराज ने कोटा के साराध्य को, जयपुर के नितिश शर्मा ने बालोतरा के नमन को, झुंझुनूं के मेहुल चौधरी ने जयपुर के अयान को, उदयपुर के आरजव ने जोधपुर के दर्शल डांगा को, बून्दी के रूद्रांश वीर सिंह ने टोंक के मोहम्मद फरीज को हराया।

चित्तौड़गढ़ के विस्मय शर्मा ने बांसवाड़ा के जैनिल पुरोहित को, राजसमंद के अद्वित कुमावत ने अजमेर के अभ्योदय को, अलवर के अथर्व कुमार ने बीकानेर के देवांग बेनीवाल को, हनुमानगढ़ के राज्यवर्धन सिंह ने पाली के आरव मेहता को पराजित किया।

टोंक के अयान चौधरी ने बीकानेर के आद्विक मेहता को, जोधपुर के नरसिंह देव ने नागौर के अरहान को, जयपुर के कुशाग्र जांगिड़ ने राजसमंद के रियांश अग्रवाल को, अजमेर के सम्यक बंसल ने कोटपूतली के रोहित को तथा जोधपुर के आदित्य लोहिया ने अजमेर के आदि मिर्धा को हराकर अगले राउण्ड में प्रवेश किया।

वही द्वितीय राउण्ड के मुकाबलों में जोधपुर के प्रबल देवड़ा ने अनूपगढ़ के आदित्यराज को, जयपुर के नितिश शर्मा ने टोंक के आदित्य को, जोधपुर ग्रामीण के लव्यांश टांक ने श्री गंगानगर के युवराज टोटीया को हराया।

जोधपुर के ऋषिराज ने सांचौर के कैलाश को दूसरे राउण्ड के मुकाबले में परास्त कर तीसरे राउण्ड में प्रवेश किया।

इस अवसर खेल प्रेमी, खिलाड़ी, निर्णायक व आयोजक मण्डल के सदस्य उपस्थित रहे।

# 272 जनों का उपचार व दवा वितरित की




श्रीधर शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में लायंस क्लब में नि:शुल्क मिर्गी रोग शिविर लगाया।

**जोधपुर**, (का.सं.)। हर माह आयोजित होने वाले नि:शुल्क मिर्गी रोग शिविर की कड़ी में आज श्रीधर शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में लायंस क्लब में आयोजित किया गया। इस कैंप में आज 272 मरीजों का उपचार और दवा वितरित की गई ।

डा नगेंद्र शर्मा ने बताया कि आज का कैंप बहुत विशेष रहा क्योंकि 4 रोगी लगातार इलाज के बाद मिर्गी रोग से मुक्त होकर नए जीवन की शुरूआत करने जा रहे हैं।

मिर्गी रोग से मुक्त होने वाले मरीज जगाराम ने बताया कि इन शिविरों से प्रेरित होकर जगाराम ने अपने गांव में नशा मुक्ति के विरुद्ध अभियान चला रखा है वो हर युवक को प्रेरित कर ये कहता है जो धूम्रपान को त्यागेगा उसको 500रुपए का नगद और शराब छोड़ने वाले मरीज को नगद 1000रुपया का इनाम दिया जाएगा।

इस अभियान के तहत उसने बड़ी संख्या में अपने गांव के युवाओं को धूम्रपान और शराब से निजात दिलाई है

श्रीधर शिक्षण संस्था की सचिव डा पद्मजा शर्मा ने बताया कि पूरी तरह से ठीक होने वाले मरीजों को लायंस क्लब के अध्यक्ष मोहन राकेश और कैंप की पूरी टीम ने मरीजों को माल्यार्पण करके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।

शिविर में संयोजक किशन प्रजापत, महावीर शर्मा के अलावा दौलत सोनी, वंदना राठौड़, शंकर लाल गोयल ,के एन खत्री, नेमिचंद शर्मा, हरीश शर्मा, सोनुकुमार सैनी और छायाकार दिनेश पुरी ने सेवाएं दी।

## क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन ने रोष जताया

**सायला**, (निसं)। बूंदी में महाराज सूरजमल की प्राचीन छतरी को अपमानजनक तरीके से तोडने के विरोध में क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन सायला द्वारा सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम सायला उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया कि बूंदी के हाडा वंश के पूर्व शासक महाराजा सूरजमल की 60० वर्ष पुरानी छतरी को कोटा विकास प्राधिकरण के गैर जिम्मेदार अधिकारियों के आदेश पर प्राधिकरण के कार्मिकों द्वारा अपमानजनक तरीके से जेसीबी चलाकर तहस नहस कर दिया गया। ज्ञापन में दोषी को बर्खास्त करने, आपराधिक मुकदमा दर्ज करने, पुराने स्मारकों के संरक्षण एवं ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए नीति निर्धारित कर लागू करने, महाराजा सूरजमल की छतरी को उसी स्थान पर पूर्ण सम्मान के साथ उसके यथास्वरूप में पुन:स्थापित करवाने की मांग की।

दलपतसिंह तूरा, शंभुसिंह सायला, एडवोकेट समन्दर सिंह निंबलाना, विक्रमसिंह राव, इन्द्र सिंह सायला, महेंद्रसिंह आलासन, रविंद्र सिंह पीलवा, देरावरसिंह बेंगटी, सुरेंद्र सिंह बीकानेर, ज्ञानसिंह भुंडवा, महेंद्र सिंह आलासन, सुमेरसिंह जालमपुरा, मनोहरसिंह बिशनग?, शंभूसिंह चौराऊ, नैनदान हरमू, जसवंतसिंह देवकी, महेंद्रसिंह तेजमालता, पुखराज सैन, पारसमल राजपुरोहित बावतरा, बाबूसिंह भुंडवा आदि मौजूद रहे।

# सायला में विप्र प्रतिभा महाकुंभ 20 को, तैयारी जोरों पर चल रही

**सायला**, (निसं)। सायला के निकटवर्ती जूना गाला स्थित खेतेश्वर पंचधाम मंदिर में विप्र फाउंडेशन जोन 1 सी की बैठक प्रदेशाध्यक्ष टाईगर अशोक राजपुरोहित, प्रदेश महामंत्री दिनेश दवे व जिलाध्यक्ष नैनसिंह राजपुरोहित की उपस्थिति में आयोजित हुई। जिसमें जालोर-सांचौर द्वि-जिलास्तरीय विराट विप्र प्रतिभा महाकुंभ के आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

बैठक का प्रारंभ अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम की तस्वीर के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात प्रदेशाध्यक्ष अशोक राजपुरोहित ने बताया कि जोन 1सी के द्वि-जिलास्तरीय विप्र प्रतिभा महाकुंभ का आयोजन 20 अक्टूबर, रविवार को सायला के खेतेश्वर पंचधाम मंदिर परिसर में होगा। जिसको लेकर समस्त विप्र न्यातिगणों से विप्रमय होने एवं भारी संख्या में महाकुंभ में भाग लेने का आव्हान किया।

प्रदेश महामंत्री दिनेश दवे ने कार्यकर्ताओं से विप्र प्रतिभा महाकुंभ के प्रचार-प्रसार के लिए अपने-अपने क्षेत्र में गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर विप्र बंधुओं को पीले चावल देकर न्यौता देने का सुझाव दिया। साथ ही विविध चौराहों पर होर्डिंग्स-बैनर लगाकर प्रचार करने की बात कही। जिला महामंत्री डॉ. घनश्याम व्यास ने कहा कि महाकुंभ में जालोर व सांचोर जिलों से बडी तादाद में ब्राह्मण समाज की प्रतिभावान युवा-मातृशक्ति भाग लेंगे।




सायला के पास जूना गालां में विप्र फाउंडेशन की बैठक आयोजित हूई। फोटो-राष्ट्रदूत

कार्यक्रम में केन्द्र व राज्य सरकार के कई मंत्री, संत महापुरुष तथा विप्र समाज के नेतृत्ववान बंधु उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष नैनसिंह राजपुरोहित ने विप्र महाकुंभ की तैयारियों को लेकर जानकारी दी।

जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित ने बताया कि विप्र महाकुंभ की मेजबानी का दायित्व सायला ब्लॉक को मिलने से सभी कार्यकर्ताओ में भारी उत्साह है। जिले के सभी कार्यकर्ता पूर्ण निष्ठा के साथ संकल्पित होकर कार्य कर रहे है।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष कन्हैयालाल त्रिवेदी, दरगाराम पांथेडी, कालूसिंह दहिवा, पदमसिंह सायला सहित विप्र समाजबंधु मौजूद रहे ।

बैठक में प्रदेशाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार ब्लॉक अध्यक्ष सांवलाराम राजपुरोहित दादाल ने विप्र फाउंडेशन ब्लॉक सायला की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें ब्लॉक उपाध्यक्ष मुकेश वैष्णव सायला, ओखसिंह राजपुरोहित वालेरा व पहाडसिंह पांथेडी, महामंत्री नवनीत दवे सायला व जबरसिंह राजपुरोहित चौराऊ, मंत्री बलवंतसिंह राजपुरोहित आसाना व हडमतसिंह बावतरा, प्रवक्ता खीमसिंह राजपुरोहित सायला को नियुक्त किया।

## जालोर क्लब में समारोह आज

**जालोर**, (कासं)। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम योजना की आमजन को जानकारी देने के लिए 2 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे जालोर क्लब में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया जायेगा।

## सार-समाचार

### बालिका सशक्तिकरण किशोरी मेला

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण विधानसभा के खेतोलाई गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बालिका सशक्तिकरण किशोरी मेला आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य विष्णु कुमार छंगाणी ने बताया की सोमवार को पी ई ई ओ विद्यालय में बालिका सशक्तिकरण मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विषयों से संबंधी अलग अलग स्टॉल लगाई गई। उक्त कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता कौशल्या चावरिया व सहप्रभारी वरिष्ठ अध्यापिका सविता विश्नोई के नेतृत्व में खेतोलाई विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने हिंदी, गणित, सामाजिक ज्ञान व सामान्य विज्ञान विषयों को अलग अगल जोन में बांटकर सबंधित विषयों पर आधारित जैसे सन्धि, प्रयायवाचिक शब्द, मात्रा चक्र, संज्ञा, विलोम शब्द, पोषक तत्व, प्रदूषण, घनत्व, एक झलक, गणित के प्रतीक चिन्ह, मानव उत्सर्जन तंत्र व कचरा प्रबंधन आदि पर एक बढ़कर एक प्रोजेक्ट तैयार कर उसका प्रजेटेंशन भी सभी बच्चों ने मंच पर दिया । उक्त कार्यक्रम में पीईईओ के प्राथमिक विद्यालय मेघवाल बस्ती के छात्र छात्राओं ने भी लिया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल श्रवण कुमार,महिपाल,सुमेर नाथ व राकेश विश्नोई रहे। उक्त मेले को सफल बनाने में मूलचंद सेन, अशोक कुमार, तेजप्रकाश, सुनील,हर्षिता विश्नोई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई किया।

### किसानों को पर्याप्त पानी मिले : बेनीवाल

**बालोतरा**, (निसं)। बाड़मेर-जैसलमेर-बालोतरा सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने हनुमानगढ जिला मुख्यालय पर सिंचाई विभाग के मुख्य अभियन्ता कार्यालय में इंदिरा गांधी नहर रेगुलेशन कमेटी के बैठक में शामिल होकर संसदीय क्षेत्र के जैसलमेर जिले के मोहनगढ-रामगढ सहित नहरी क्षेत्र में किसानों की सिंचाई के पानी की कम सप्लाई सहित विभिन्न समस्याओं पर बैठक में चर्चा की, बेनीवाल ने कहा जैसलमेर जिले के किसानों को हक का सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी समय पर नहीं मिलने पर फसले खराब हो जाती हैं इसलिए किसानों को हक का सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी समय पर मिलना चाहिए ताकि किसानों की फसलों का खराबा और आर्थिक नुकसान न हो, किसानों को अक्टूबर में 4 में से 2 समूह पानी की मांग की अगर माँग पूरी नहीं होगी और किसानों को हक का पूरा पानी नहीं मिलेगा तो किसान मजबूरन आंदोलन करेंगे। इसके साथ ही सांसद बेनीवाल ने बैठक में अधिकारियों के साथ चर्चा में कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र के बाडमेर जैसलमेर बालोतरा जिले को इंदिरा गांधी नहर परियोजना से पेयजल योजना के अंतर्गत पेयजल के लिए सुचारू पर्याप्त मात्रा में पानी मिले ताकि आमजनता को पेयजल के संकट का सामना नहीं करना पडे।

### रक्त व जल दान सबसे पुण्य : राठौड़

**गुड़ामालानी**, (निसं)। गुडामालानी मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम में सोमवार को शीतल जल मन्दिर का शिलान्यास मुख्य अतिथि राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड, रमेशलाल जोशी, पारसमल जैन,बाडमेर पीजी कॉलेज प्रोफेसर सोहनलाल परमार,पुर्व सरपंच दिनेश पी शर्मा, भैरचन्द जैन, प्रधानाध्यापक बाबुलाल परमार के द्वारा फिता काटकर शुभारंभ किया गया । शीतल पेय जल मन्दिर का निर्माण विधालय परिसर में भामाशाह जफर खान कोटवाल के द्वारा अपनी स्वर्गीय बेटी ईशाना बानू की याद में बनाई गई । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड ने कहा कि इंसान की जीवन में रक्त दान और शीतल जल दान का कार्य करना एक महान कार्य है। जीवन मंत्र में धर्म करना ही पुण्य कार्य है। रमेशलाल जोशी ने भामाशाह जफर खान कोटवाल का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य कांतिलाल सोनी, हीरालाल चौहान,पीईईओ विक्रम सिंह राठौड, गफुर खान कुम्भार,रमजान खान कोटवाल आदि उपस्थित रहे।

### डोडा पोस्त सहित एक जना पकड़ा

**पोकरण**, (निसं)। भणियाणा उपखंड क्षेत्र के फलसूंड थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी के आर्देशानुसार एएसपी पोकरण गोपालसिंह भाटी के निर्देशन में डिप्टी पोकरण भवानीसिंह के सुपरविजन में समस्त थानाधिकारियों को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देशों की पालना में फलसुण्ड थानाधिकारी ने 31 किलो 248 ग्राम अवैध डोडा पोस्त सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार फलसुण्ड थानाधिकारी ओमाराम मय जाब्ता द्वारा मुखबिर इतलानुसार मुल्जिम चिमनाराम पुत्र भंवराराम जाति प्रजापत निवासी हिरोणी कुम्हारों की ढाणी, मानासर पुलिस थाना फलसूण्ड के कब्जा से अवैध मादक पदार्थ 31 किलो 248 ग्राम डोडा पोस्त बरामद कर मुल्जिम को बाद पूछताछ गिरफतार कर पुलिस थाना फलसुण्ड में प्रकरण दर्ज किया गया। मुल्जिम से अवैध मादक पदार्थ के संबंध में विस्तृत पूछताछ व प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

### टीम आजाद ने प्लाज्मा उपलब्ध करवाया

**बाड़मेर**, (निसं)। राजकीय अस्पताल बाड़मेर में भर्ती दुधोडा निवासी गोपसिंह पुत्र हुक्म सिंह भाटी को आपात स्थिति में प्लाज्मा की आवश्यकता पड़ने पर टीम आजाद बाडमेर के संयोजक मुलतान सिंह महाबार से संपर्क किया गया। उस दौरान टीम द्वारा रक्तदाता जसराज सोनी के जरिए प्लाज्मा उपलब्ध करवाया। टीम आजाद बाडमेर के संयोजक मुलतान सिंह ने बताया कि मानवीय दृष्टिकोण से मरीज की सहायता करना हमारा दायित्व बनता है, हमारी टीम पिछले कई वर्षो से रक्तदान महादान के ध्येय पर मरीजों को रक्तदाता उपलब्ध करवाकर मदद कर रही है। हमें सूचना मिली कि डेंगू के कारण अस्पताल में भर्ती गोपसिंह को प्लाज्मा की आवश्कता है, हमने टीम के साथियों से संपर्क कर रक्तदाता जसराज सोनी को भेजा और तुरंत सहायता पहुंचाई। परिवार के सदस्यों ने टीम द्वारा की गई मदद के लिए आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि टीम आजाद बाडमेर पिछले कई समय से रक्तदान शिविरों का आयोजन कर और आपात स्थिति में रक्तदाता उपलब्ध करवाकर सहायता पहुंचा रही है।

### ग्राम विकास अधिकारी को नहीं हटाया

**सांचौर**, (निसं)। सांचोर के सरनाऊ में बिना ग्राम सभा आयोजित किए ही 35 पीएम आवास के लाभार्थियों के नाम सूची से हटाकर विकास अधिकारी (बीडीओ) पंचायत समिति सरनाऊ को भी गुमराह करके उक्त ग्राम सभा रिपोर्ट पर मोहर के साथ हस्ताक्षर करवा दिए। जब की ग्राम सभा ही नहीं आयोजित की ,जिसका प्रमाण सूची से हटाए नामों के विवरण पत्र पर दिनांक एवं प्रस्ताव क्रमांक खाली पडे है । सरपंच हरदान राम डारा व भाजपा मंडल अध्यक्ष तुलछा राम मांजू ने बताया कि दो अक्टूबर तक यदि कोई कार्यवाही नही होती है तो जिला कलेक्टर एवं सीईओ कार्यालय जालौर के आगे ग्रामीणों सहित धरने पर बैठेगे । पिछले माह के तीसरे गुरुवार को भाटीप के ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर सांचौर को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया था, जिस पर कलेक्टर ने मांगों पर आश्वस्त किया था, वीडीओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाएंगा। लेकिन अभी तक नहीं किया।

### चिकित्सालय का समय आज से बदलेगा

**बाड़मेर**, (निसं)। अधीक्षक जिला चिकित्सालय बाड़मेर के अधीन संचालित चिकित्सालय एवं डिस्पेंसरियों का समय 1 अक्टूबर से 31 मार्च 2025 तक प्रात : 9 से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। अधीक्षक डॉ. बी. एल. मंसूरिया ने बताया कि 1 अक्टूबर से 31 मार्च 2025 तक संलग्न चिकित्सालय राजकीय मेडिकल कॉलेज बाडमेर का समय सामान्य दिनों में प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक एवं राजकीय अवकाश के दिनों में प्रात: 9 बजे से प्रात: 11 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि जूना केराडू मार्ग डिस्पेंसरी,गांधी चौक डिस्पेंसरी,पुलिस लाईन डिस्पेंसरी का समय परिवर्तित रहेगा। उन्होंने बताया कि राजकीय जिला चिकित्सालय बाडमेर में नर्सिंग स्टॉफ एवं अन्य कार्मिक,जो वार्ड मे कार्य कर रहे हैद्य वह पूर्व निर्धारित समय प्रात: 7.30 बजे से और ओपीडी मे कार्य करने वाले समस्त कार्मिकों की ड्यूटी प्रात: 8.30 बजे से रहेगी।

### लापता व्यक्ति का शव तालाब में मिला

**पोकरण**, (निसं)। शहर में निवास कर रहे धनराज राठी के लापता होने की परिजनों द्वारा पुलिस थाना पोकरण में गुमशुदगी की दर्ज करने के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा खोज बिन कर सोमवार सुबह लगभग 10 बजे पुलिस प्रशासन को जानकारी मिली कि गोमट तालाब मे शहर से3 किलोमीटर दूर गोमट गांव के पास आए हुए तालाब में किसी अज्ञात व्यक्ति का शव होने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर पानी में तैर रहे शव को बाहर निकाला। तालाब से शव निकालकर मृतक के परिजनों को जानकारी देकर पहचान करवाई गई। शव तालाब में होने की जानकारी लगते ही आसपास के लोगों की भीड तालाब पर इकट्ठी हो गई। वहीं परिजनों ने मौके पर पहुंचकर मृतक की शिनाख्त की।

